भाकृअनुप- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ

<u>शरद कालीन बुआई-2024 हेतु गन्ना बीज विक्रय संबन्धित दिशा निर्देश</u>

1. शरद कालीन बुआई सत्र हेतु गन्ना बीज की आनलाईन बुकिंग 01 अक्तूबर 2024 से प्रारम्भ होगी। गन्ना बीज उपलब्धता के अनुसार बुकिंग सीमित अवधि तक ही होगी।
2. किसान भाइयो से अनुरोध है उपलब्ध गन्ना किस्मों के बीज लेने हेतु ऑनलाइन बुकिंग करे।
3. इस बुआई सत्र मे कोलख 16202 एवं कोलख 15466 का बीज विक्रय/वितरण सिंगल बड के आधार पर किया जाएगा। इन दोनों किस्मों की विक्रय दर रु 1.40 प्रति बड निर्धारित किया गया है। प्रत्येक किसान को एक किस्म की अधिकतम 300 बड ही दी जाएगी।
4. कोलख 16202 एवं कोलख 15466 को छोड़कर अन्य सभी अगेती किस्मों की विक्रय दर रू 450.00 प्रति क्विंटल तथा मध्यदेर (सामान्य) किस्मों की विक्रय दर रू 425 प्रति क्विंटल रहेगी।
5. गन्ना कटाई का भुगतान (कोलख 16202 एवं कोलख 15466 को छोड़कर) रू 100 प्रति क्विंटल अतिरिक्त देय होगा।
6. **<u>ऑनलाइन बुकिंग करने वाले किसानो को प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को ही बीज विक्रय/वितरण किया जाएगा और आवंटन की सूची उस सप्ताह के सोमवार को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। अतः किसान भाइयो से अनुरोध है कि वह अपना नाम सूची मे देखकर ही निर्धरित तिथि व समय पर संस्थान मे आकर अपना बीज प्राप्त करे। किसान भाई अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड या अन्य कोई मान्य) अवश्य लेकर आएं।</u>**
7. जो किसान निर्धारित तिथि व समय पर अपना बीज लेने नही आएगे उनको पुनः ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। पूर्व मे की गई बुकिंग स्वतः निरस्त हो जाएगी।
8. किसानो द्वारा ऑनलाइन बुकिंग करते समय किसी तरह का भुगतान नही करना होगा। किसान भाईयो को संसथान के प्रक्षेत्र अनुभाग से बीज प्राप्त करने के समय ही डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान करना होगा साथ मे उसकी रसीद भी उपलब्ध कराई जाएगी।
9. जिला गन्ना अधिकारी/ गन्ना विकास परिषद व चीनी मिल भी इस ऑनलाइन सुविधा का उपयोग (कार्यालय गन्ना आयुक्त, उत्तरप्रदेश द्वारा आबंटित गन्ना बीज) बीज क्रय के लिए कर सकते हैं।

शरदकालीन बुवाई हेतु उपलब्ध गन्ना किस्में :

अगेती : कोलख 16202, कोलख 15466, कोलख 14201, कोलख 11203

मध्यदेर (सामान्य) : कोलख 15207, कोलख 14204

अधिक जानकारी के लिए ईमेल seedcane.iisr@icar.gov.in पर संपर्क करें।

आज्ञा से-

निदेशक

समस्त गन्ना किसान भाइयो से सहयोग वांछनीय है, संस्थान आप की सेवा मे सदैव तत्पर है।